सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 116 इंदौर, सोमवार 11 नवंबर, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# उपचुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन

## सीएम फिर पहुंचे विजयपुर, पटवारी ने भी डाला डेरा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में बुदनी और विजयपुर सीटों पर हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार का सोमवार को आखिरी दिन है। 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए 11 नवंबर की शाम 6 बजे प्रचार बंद कर दिया जाएगा। दोनों पार्टियों का सर्वाधिक फोकस वन मंत्री रामनिवास रावत की सीट विजयपुर पर है, जहां भाजपा और राज्य सरकार पर मंत्री की सीट बचाने का दबाव है, वहीं कांग्रेस आदिवासी वोटों के दम पर अपनी इस सीट को कायम रखना चाहती है।**

रविवार को एक बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहां जनसभा करने पहुंचे। यह सीएम का विजयपुर में चुनाव के ऐलान के बाद से 7वां दौरा है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर पिछले एक सप्ताह से यहां डेरा डाले हुए हैं। वहीं कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी शनिवार से ही विजयपुर में डटे हैं।

रविवार को भी पटवारी ने कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा के साथ एक दर्जन गांवों में जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं कीं। सोमवार को भी पटवारी यहां प्रचार करेंगे।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने विजयपुर के कोठारी पैलेस में कुशवाह समाज के कार्यक्रम में भाग लिया और समाज को साधने के लिए ग्वालियर के सांसद भारत सिंह कुशवाह के साथ उनसे बातचीत की। वहीं पटवारी ने भाजपा पर किसान और महिलाओं से वादाखिलाफी और रामनिवास रावत पर कांग्रेस की विचारधारा से धोखेबाजी का आरोप लगाया। पटवारी ने कहा कि प्रशासन भाजपा के लिए काम कर रहा है।

# गुंडों-बदमाशों के साथ बीजेपी नेता का जुलूस निकाला

### एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी लाइन अटैच; ढोल-नगाड़े बजाए, कान पकड़वाए थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (एजेंसी)।** उज्जैन में गुंडों -बदमाशों के साथ बीजेपी नेता का जुलूस निकालने पर एसआई समेत दो पुलिसकर्मी लाइन अटैच कर दिए गए हैं। शहर में शुक्रवार को तीन थानों की पुलिस ने चाकूबाजी की वारदात में शामिल 14 बदमाशों का जुलूस निकाला था। आगे तीन लोग ढोल बजाते हुच चल रहे थे। पीछे-पीछे आरोपी को कान पकड़वाकर चलवाया गया था। कोतवाली थाना पुलिस ने कुशलपुरा निवासी विकास करपरिया समेत 6 रिकॉर्डधारी को थाने बुलाकर इस जुलूस का हिस्सा बनाया। विकास भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। उन्होंने बीजेपी पदाधिकारियों से इसकी सूचना दी। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक जोशी, उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, भाजपा महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने एसपी प्रदीप शर्मा से शिकायत की। एसपी ने कोतवाली थाने के एसआई बबलेश कुमार, प्रधान आरक्षक तरुण पाल और आत्माराम परमार को लाइन अटैच कर दिया है।

**14 बदमाशों का ढोल-नगाड़ों के साथ निकाला जुलूस-** उज्जैन में पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग अपराधों में शामिल रहे 14 बदमाशों का ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला। आगे-आगे तीन लोग ढोल बजाते हुए चल रहे थे। पीछे-पीछे आरोपी कान पकड़कर चल रहे थे। उनके आसपास हाथों में लाठी लिए पुलिसकर्मी चल रहे थे। पुलिस ने कोट मोहल्ला, तोपखाना, महाकाल घाटी, बेगमबाग और गोपाल मंदिर क्षेत्र में आरोपियों को कान पकड़कर घुमाया। इस दौरान उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई। महाकाल थाना पुलिस आरोपियों को उन क्षेत्रों में मौका मुआयना करवाने भी ले गई, जहां उन्होंने अपराध किया था।

# ड्यूटी के दौरान आर्मी जवान ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)।** भोपाल में आर्मी के एक जवान ने ड्यूटी के दौरान सुसाइड कर लिया। घटना शनिवार शाम 4 बजे की है। दो घंटे बाद जब वह कहीं नहीं मिला तो सभी ने उसे ढूंढने की कोशिश की। मेस के एक कमरे में फंदे से उसका शव लटकता मिला। दरवाजा तोड़कर शव निकाला गया। बैरागढ़ पुलिस ने बताया कि शोभित कुमार (35) केरल के कालीकट का रहने वाला था। वह बैरागढ़ कैंट एरिया में तैनात था। शनिवार को उसकी ड्यूटी एक अन्य अफसर के पास लगाई गई थी। शाम 4 बजे वह अकेला था। इस दौरान उसने मेस के कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था।रविवार दोपहर को शव को हमीदिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा आर्मी के अधिकारियों को सौंप दिया गया। यहां से शव को सड़क मार्ग से इंदौर ले जाया जाएगा। फिर वहां से हवाई मार्ग से केरल ले जाया जाएगा। पुलिस ने बताया कि शोभित को ढूंढते हुए साथी जवान मेस के एक कमरे तक पहुंचे।

# पाराली जलाने से 33 केवी लाइन के तार टूटे

### 35 गांवों की बिजली गुल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन।** रायसेन में खेत पर पाराली जलाने के दौरान खेत के ऊपर से निकल रही 33 केवी लाइन के तार गर्म होकर टूटकर गिर गए। जिससे करीब 35 गांवों की बिजली गुल हो गई। बिजली कंपनी के ग्रामीण जेई संजय पटेल ने बताया कि किसान धान कटने के बाद खेतों में पाराली जला रहे है, जिससे खेतों से निकली बिजली लाइन को नुकसान पहुंच रहा है। रविवार को नकतरा फीडर की 33 केवी लाइन के तार टूटकर गिर गए। जिन किसानों ने पाराली में आग लगाकर तारों को नुकसान पहुंचाया है, उनके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# भारत ब्रांड के सस्ते आटे और दाल की सप्लाई बंद

### अब नए सिरे से स्टॉक बढ़ाने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के पहले देशभर में जोर-शोर से शुरू की गई सस्ते आटे और दाल को वैन के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की योजना फिलहाल मंद पड़ी है। अब गलियों में भारत ब्रांड की वैन घूमते हुए दिखाई नहीं देती।**

इंदौर में इसके दो सप्लायर एजेंसी है, लेकिन उपर से ही अनाज की सप्लाई बंद होने से इंदौर में लोग सस्ते दामों पर आटा, दाल, प्याज नहीं ले पा रहे है। अब नए सिरे से इसके लिए किसानों से उत्पाद खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संभाग के अलग-अलग जिलों में पहुंचकर अफसर किसानों से समर्थन मूल्य पर खेतों के उत्पान को खरीद रहे है। दो महीने बाद फिर भारत आटा ब्रांड की वैन घूमते हुए नजर आएगी।



भोपाल के कुछ क्षेत्रों में 25 से 30 रुपये किलो में वैन के जरिए प्याज भी बेचा गया, लेकिन अभी तक यह वैन इंदौर में संचालित नहीं हो पाई है। देश में रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी मिल रही है। यह मुद्दा भी धीरे-धीरे गरमा रहे है। इसके बाद अब सरकार ने फिर उस योजना की सुध ली। जिसे लोकसभा चुनाव से पहले शुरू कर सस्ते दामों पर आटा, दाल, चावल बेचने के लिए वैनों का संचालन किया था।

अब फिर फिर से इस योजना के तहत एनसीसीएफ, नेफेड की टीम ने गांवों में जाकर खरीदी शुरू कर दी है। पहले स्टॉक बढ़ाने पर जोर है। अफसरों का कहना है कि जल्दी ही फिर सड़कों पर सस्ते अनाज बेचने वाली वैन नजर आएगी। इंदौर संभाग में खरीदी शुरू हो चुकी है।

# एक चौराहे पर सिग्नल तोड़ा अगले पर वसूला जुर्माना

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर रियल टाइम की चालान वसूली





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम ने काम करना प्रारंभ कर दिया है। इसके साथ ही प्रशासन और पुलिस ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को लेकर सख्ती शुरू कर दी है।**

शहर में यातायात के नियंत्रण के लिए पिछले दिनों आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एक चौराहे पर ट्रैफिक नियम तोड़ने पर अगले चौराहे पर ही चालान काटे जाने की कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया था। इसी कड़ी में अब इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम ने काम करना प्रारंभ कर दिया है।

**कलेक्टर ने की अपील-नियमों का करें पालन-** स्मार्ट सिटी मिशन इंदौर और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से रविवार को रसोमा चौराहा पर आईटीएमएस सिस्टम से चालानी कार्रवाई की। दरअसल यह देखने में आ रहा था कि सिग्नल तोड़ने पर ऑटोमैटिक चालान जनरेट तो हो जाते हैं लेकिन चालान जमा करने के सिस्टम में आवश्यक सुधार की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसके लिए यह निर्णय लिया गया था कि चालानी कार्रवाई रियल टाइम की जाए। यानी वाहन चालक ने एक चौराहे पर सिग्नल को तोड़ा तो अगले चौराहे पर वसूली की जाए। इसी के तहत यह कार्रवाई प्रारंभ की गई। कलेक्टर आशीष सिंह ने आम नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और कार्रवाई से बचें।

**सिस्टम से बनाए गए चालान-** रविवार दोपहर स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह और डिप्टी कमिश्नर अरविंद तिवारी ने आईटीएमएस सिस्टम से चौराहे पर लाल बत्ती का उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से चालानी कार्रवाई की। दिव्यांक सिंह ने बताया कि प्रमुख चौराहों पर कळटर से चालान बनाए जा रहे हैं। रविवार को इस सिस्टम से रसोमा चौराहे से एमआर-9 चौराहे तक चिन्हित वाहनों के चालान बनाए और स्पॉट फाइन किया है।

# गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

### जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गुरु नानक देवजी के 555वें प्रकाश पर्व के पर रविवार को इंदौर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। तीन किलोमीटर लंबे नगर कीर्तन में जगह-जगह पर सामाजिक धार्मिक संस्थाओं ने नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा से स्वागत किया।**

नगर कीर्तन की अगुआई पांच प्यारे कर रहे थे। इसके साथ सतगुरु नानक परकटिया मिटी धुंध जग चानन होआ के साथ गुरु गोविंद सिंघ स्टडी सर्कल के जत्थे ने शब्द कीर्तन किया। स्टडी सर्कल की अध्यक्ष बिंद्रा,रणजीत सिंह, हरमीत सिंह ने संगत को बधाई दी है।

गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरपाल सिंह मोनू भाटिया और महासचिव प्रितपाल सिंह बंटी भाटिया ने सभी गुरुद्वारे का स्वागत किया और संगत को बधाई दी। नगर की सभी गुरु नानक नामलेवा संगतों द्वारा उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। वहीं, सेवा के रूप में दूध, चाय, पोहे आदि वितरित किए गए। सैकड़ों की संख्या में गुरु नानक लेवा संगतें अलग-अलग जत्थों के रूप में गायन करती हुई शामिल हुई।

नगर कीर्तन राऊ, बेटमा साहिब और शहर के सभी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर तिराहा, आरएनटी मार्ग से होकर वापस गुरुद्वारा इमली साहिब पहुंचा। इसमें शामिल सभी जत्थों के लोगों ने अनुशासन का परिचय दिया। सैकड़ों मंचों से कीर्तन यात्रा का स्वागत हुआ। आरएनटी मार्ग सहित पूरे कीर्तन मार्ग पर एक ओर ओर का ट्रैफिक सुचारू रूप से चालू रखा गया, जबकि दूसरे हिस्से में कीर्तन निकलते रहे।

# आंवला नवमी मनाई महादेव मंदिर में अमृत फल आंवला के पेड़ का पूजन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **न्यायनगर उद्यान स्थित महादेव मंदिर में रविवार को आंवला नवमी के उपलक्ष्य में आंवला वृक्ष की विधि-विधान से पूजा की गई। न्यायनगर निवासी कल्पना पांडे ने बताया कि प्रकृति का संरक्षण हमारे सनातन हिन्दू धर्म के मूल में है। आंवला नवमी का पुरातन पर्व हमारी इसी मान्यता को पुष्ट करता है। आज की परिस्थिति में वृक्षों का संरक्षण न सिर्फ समय की आवश्यकता हे बल्कि हमें आने वाले पीढ़ी को स्वच्छ हवा और वातावरण प्रदान करना हमारा कर्तव्य भी है।**

पौराणिक मान्यता के अनुसार ब्रह्मा जी के नेत्रों से छलके अश्रु बिंदुओं से एक वृक्ष उत्पन्न हुआ, जिससे अमृत फल आंवला की उत्पत्ति हुई। चूंकि सब वृक्ष-वनस्पतियों में आंवला ही सबसे पहले प्रकट हुआ था।

एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी भ्रमण पर निकलीं। तभी उनके मन में विचार आया कि भगवान विष्णु एवं शिव की एक साथ पूजा की जाए। उन्होंने पाया कि तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय है और बिल्व शिव को, मगर आंवला ऐसी वनस्पति है जिसमें दोनों के गुण एक साथ पाए जाते हैं। तब उन्होंने आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का दोनों का प्रतीक मानकर पूजन किया और उनकी पूजा से प्रसन्न हो महादेव और श्रीहरि एक साथ प्रकट हुए। लक्ष्मी माता ने आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर दोनों को करवाया। इसके बाद स्वयं भोजन किया। वह कार्तिक शुक्ल नवमी तिथि थी। तभी से सनातनधर्मी हिन्दू धर्मावलम्बी इस परंपरा का निर्वहन करते आ रहे हैं।

मान्यता है कि आंवला नवमी को इस वृक्ष के पूजन से श्री-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आंवला नवमी पर आंवले के पेड़ से अमृत की बूंदें बरसती हैं। इसलिए इस दिन इस वृक्ष के नीचे बैठने और भोजन करने से तमाम रोगों का नाश होता है, प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है व आयु लंबी होती है। इस दिन जो व्यक्ति आंवले का पेड़ लगाता है उसको अक्षय पुण्य का फल मिलता है। आयुर्वेद में आंवला को अमृत फल कहा गया है। आयुर्वेदाचार्यों ने इसे हर मर्ज की दवा कहा है।

## खुले में कचरा फेंकने पर 1500 रु. का स्पॉट फाइन

**इंदौर**। नगर निगम ने रविवार को अलकापुरी, मूसाखेड़ी में सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने वाले व्यक्ति पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की। देश में सात बार स्वच्छता में अव्वल इंदौर में 8वीं बार भी अवॉर्ड लेने के लिए निगम की टीम मेहनत कर रही है। साथ ही आमजन द्वारा भी पूरा सहयोग किया जा रहा है। ऐसे लोग जो फिर भी उल्लंघन करते हैं, उन पर एक्शन लिया जा रहा है। रविवार को अलकापुरी मूसाखेड़ी क्षेत्र स्थित मकान नंबर 99 के किराएदार ने सार्वजनिक स्थल पर थैले और पॉलीथिन में कचरा भरकर फेंका। यह हरकत कैमरे में कैप्चर कर कुछ लोगों ने निगम को जानकारी दी। निगम के कर्मचारियों ने कचरा फेंकने वाले व्यक्ति को पकड़ा और उस पर 1500 रु. का स्पॉट फाइन किया।

# कपड़ा व्यापारियों का दीपावली मिलन समारोह

### परिवार के साथ 1500 से भी अधिक व्यापारी शामिल, पांच वरिष्ठजन का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन का दीपावली पारिवारिक मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह एक गार्डन में आयोजित किया गया। संस्था के प्रचार संयोजक अरुण बाकलीवाल ने बताया कि इस बार 1500 से भी अधिक व्यापारी परिवार सहित इसमें शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि 1961 में कपड़ा मार्केट में आर्बिट्रेशन बोर्ड का गठन हुआ था, इसको हाई कोर्ट की भी मान्यता प्राप्त है। बोर्ड में लेनदेन के 95% से भी अधिक निपटारे होते हैं। इस बोर्ड में 25 वर्षों से भी अधिक सेवा दे रहे राधा कृष्ण सोनी, रामेश्वर मूंदड़ा, राजेंद्र गंगवाल, चंद्रप्रकाश सोमानी, सत्यनारायण शारदा का अभिनंदन-पत्र देकर सम्मान किया गया।

संस्था के अध्यक्ष हंसराज जैन तथा गिरधर गोपाल नागर, रजनीश चोरडिया, कैलाश मुंगड़ ने स्वागत किया। पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, एकलव्य गौड़, टीनू जैन, रामबाबू राठौर सहित अनेक व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। भोजन संयोजक नंदकिशोर नीम थे। मनोज नेमा, गिरीश काबरा, अरुण बाकलीवाल, ज्ञानचंद संचेती, विनीत कोचर, निर्मल सेठी, नरेंद्र नीमा, रमेश रजनी, शिवकुमार जगबनी, मुकेश टोंगिया, सुशील अग्रवाल, विपिन सांखला, संदीप जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे। संचालन गिरधर गोपाल नागर ने किया। अभिनंदन पत्र का वाचन रजनीश चौरडिया ने किया। आभार कैलाश मंगल ने माना।

### वार्ड 19 और 40 में 9 करोड़ से बदलेगी तस्वीर

# खजराना चौराहा सर्विस रोड बनेगी, गणेश वाटिका का होगा डेवलपमेंट

**इंदौर**। वार्ड 19 और 40 की बदहाल कॉलोनियों की स्थिति अब जल्द सुधरेगी। इसके लिए 9 करोड़ रुपए के विकास काम की शुरूआत हुई है। रविवार को मेयर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया ने इस विकास कामों के लिए भूमि पूजन किया। पार्षद संध्या जायसवाल ने बताया कि जोन-17 वार्ड के वार्ड 19 में लगभग 3.30 करोड़ रुपए की लागत से कई विकास काम होंगे।

मुखर्जी नगर में अल्फा स्कूल के पास नाले किनारे रिटेनिंग वाल का निर्माण होगा। इससे जलभराव की समस्या का समाधान होगा और सुरक्षा भी होगी। सांई सुमन नगर से महेश यादव नगर को जोड़ने वाली पुलिया का निर्माण किया जाएगा। इस पुलिया के निर्माण से दोनों क्षेत्रों के बीच यातायात में सुविधा बढ़ेगी। इससे निवासियों के आवागमन में आसानी होगी। अपना चाट के पास से सांई सुमन नगर पुलिया तक सीमेंट कॉन्क्रीट सड़क का निर्माण होगा। यह सड़क निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करेगा और यातायात की समस्याओं का समाधान करेगा। सांवेर मेन रोड पर दीपशिखा ढाबे के सामने से विनायक तोल कांटे तक स्टार्म वाटर लाइन की सफाई और मेंटेनेंस का काम होगा। बरसात में जलभराव से बचाव के लिए स्टार्म वाटर लाइन से गाद निकाली जाएगी और मरम्मत का काम किया जाएगा। मुखर्जी नगर, रामदत्त का भट्टा और बनाफर बस्ती में वर्षों पुरानी क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन का पुनर्निर्माण होगा। इन बस्तियों में पुरानी ड्रेनेज लाइन को बदलकर नई ड्रेनेज लाइन डाली जाएगी। इससे नाली जाम की समस्या का स्थायी समाधान होगा। जोन-10 के वार्ड 40 में करीब 5.50 करोड़ के कामों का भूमि पूजन और 55 लाख के कामों का लोकार्पण।

पटेल मोहल्ला, बलाई मोहल्ला, धीरज नगर, तालाब वाली रोड और खजराना गांव में ट्रेंचेस और क्षतिग्रस्त पेंचेस का सीमेंटीकरण काम होगा। गोयल विहार कॉलोनी में क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू किया जाएगा। मेन रोड से खजराना मंदिर पहुंच मार्ग के जर्जर फुटपाथ का निर्माण होगा। गोयल विहार कॉलोनी, ए गोयल विहार ऐवन्यू में पेवर ब्लॉक रीफिक्स करना और खाली स्थानों पर नई ब्लॉक लगाए जाएंगे। साथ ही खराब सड़क का पेंचवर्क होगा। धीरज नगर, शिव बाग, मायापुरी और रामकृष्ण बाग में ड्रेनेज का काम होगा। बलाई मोहल्ला में 300 एमएएम डाया की ड्रेनेज लाइन डलेगी। खजराना खाना स्थित उद्यान में पाथवे निर्माण और बाउंड्रीवाल का रिपेयरिंग काम होगा। गणेश वाटिका उद्यान का डेवलपमेंट होगा। गणेशपुरी कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर ब्लॉक लगाए जाएंगे।

# नारकोटिक्स ने पकड़े गांजे के पौधे

**खेती करने वाले आरोपी की तलाश, राजस्थान के तस्करों से जुड़े हैं तार**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की नारकोटिक्स विंग ने शनिवार गांजा के कटे हुए 400 पौधे बरामद किए हैं, इनकी कीमत 4 लाख रुपए बताई जा रही है। दबिश के पहले आरोपी मौके से फरार हो गया है, जिसके गिरफ्त में आने के बाद नशे के कारोबार का खुलासा हो सकता है, फिलहाल पुलिस तलाश में जुटी है।**



डीएसपी संतोष हाड़ा ने बताया कि आरोपी राजा राम केवड़ा के नशे के कारोबारियों और राजस्थान के तस्करों से तार जुड़े हो सकते हैं। उसकी तलाश में जगह-जगह दबिश दी जा रही है। हाड़ा ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि धार के नजदीक मनावर के गांव बनेड़िया सोलियापुर में गांजा की खेती की जा रही है। हम आरोपी राजा राम केवड़ा के खेत में पहुंचे, तब तक वह भाग चुका था। उसने अपने खेत में लगे गांजा के सभी पौधे काटकर भाई के खेत में कुएं के पास इक्ट्ठा कर दिए थे। आगे बताया कि आरोपी राजा राम को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि उसके इंदौर और राजस्थान के ड्रग तस्करों से तार जुड़े हुए हैं। वह गांजा की सप्लाई इंदौर के आसपास करता था। उसके पकड़ में आने के बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सकेगा।

# ऑनलाईन कंपनी के 14 मोबाइल चोरी

**2 डिलीवरी बॉय की तलाश में जुटी पुलिस**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ऑनलाइन कंपनी के दो डिलीवरी बॉय द्वारा मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है, कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर इंदौर की राजेन्द्र नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बता दें आरोपी नवरात्रि और दशहरा को लेकर लगी सेल के दौरान मोबाइल अपने साथ ले गए थे। इसके बाद उन्होंने जॉब छोड़ दी। कंपनी की तरफ से स्टॉक चेक करने के बाद फुटेज देखे गए, जिसमें 14 मोबाइल कम मिले।

राजेन्द्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सलमान पुत्र इस्माइल खान निवासी राउ की शिकायत पर अरविंद पुत्र तुलसीराम ओसवाल ग्राम पनोद और उसके साथी ख्याल पुत्र रमेश नैनानी निवासी महावीर नगर रतलाम पर 305 बीएनएस 2023 में केस दर्ज किया है। सलमान ने अपनी शिकायत में बताया कि वह फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय की जॉइनिंग का काम करता है। उसने अरविंद्र और ख्याल की दो माह पहले कंपनी में एंट्री करवाई। दोनों आफिस पर काम कर रहे थे। कंपनी की तरफ से 28 सिंतबर से 11 अक्टूबर तक नवरात्रि और दशहरा को लेकर सेल थी। जिसमें कंपनी को काफी ऑर्डर मिले। दोनों 3 से 4 बार आए ओर डिलीवरी करने वाले मोबाइल लेकर गए लेकिन दोनों ने एंट्री नही करवाई। इसके बाद 12 अक्टूबर को दोनों अचानक जॉब छोड़कर चले गए। इसके बाद ऑफिस के सीसीटीवी चेक किये गए। जिसमें इनके द्वारा ऑफिस से करीब 14 मोबाइल ले जाना पाया गया। पुलिस ने दोनों की तलाश कर रही है। एक टीम उनके घर तक पहुंची है।

# सूने मकान से सोने के कंगन और अंगूठी ले भागे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शासकीय महिला कर्मचारी के यहां पर चोरी हो हुई। सांई पॉम निवासी राशि सोलंकी ने अपनी शिकायत में बताया कि वह शासकीय सेवक है। 7 नवंबर की रात में पति नवनीत सोलंकी के साथ सुदामा नगर अपने पैतृक निवास पर गई थी।**

शनिवार सुबह पति के पास पड़ोसी जेके सोनी का कॉल आया। उन्होंने कहा कि आप घर आ गए क्या? दरवाजा खुला पड़ा है। तब पति ने इंकार किया। हम तुरंत वहां पहुंचे तो बाहर लोहे के गेट का लॉक लगा हुआ मिला। अंदर के दरवाजे का लॉक टूटा था। कमरे में जाकर देखा तो अलमारी से सोने की चेन, दो सोने के कंगन, सोने की अंगूठी अन्य जेवर ले भागे। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी।

इसी प्रकार प्रमोद पहाड़िया का गृह श्रृंगार के नाम से कपड़े का शोरूम है। उनका रामचंद्र नगर में मकान का निर्माण चल रहा है। यहां पर सरिए, लोहे के गेट, बैटरियां रखी हुई थी। जिसे अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया। पुलिस ने शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया। वैभव नगर बिचौली रोड निवासी डॉ. वीरेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल चोरी को लेकर केस दर्ज किया है। डॉक्टर वीरेंद्र प्रकाश चंद्र सेठी नगर में डॉक्टर है। 30 अक्टूबर को वह चोइथराम मंडी में फूल खरीद रहे थे। तब उनका मोबाइल जेब में रखा था। इस दौरान आरोपी ने उनका मोबाइल चुरा लिया। पुलिस ने मामले में डॉक्टर से लिखित आवेदन लिया था। इसके बाद शनिवार को केस दर्ज किया गया।

# कॉलेज स्टूडेंट को रिश्तेदार ने किया बैड टच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परदेशीपुरा में एक छात्रा ने छेड़छाड़ के मामले में केस दर्ज कराया है। छात्रा रिश्तेदार के यहां एक साल पहले पढ़ाई के लिए आई थी। करीब एक माह से उसे आरोपी ने अलग-अलग तरीके से बैड टच कर परेशान कर रहा था। हरकतों से परेशान होकर रिश्तेदार पत्नी को पूरे मामले में शिकायत की। बाद में मां को कॉल कर बताया। मां के इंदौर आने के बाद शनिवार को मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, निजी कॉलेज से फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही 20 साल की छात्रा की शिकायत पर उसके रिश्तेदार इन्द्रजीत पर छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज किया है। छात्रा ने शिकायत में बताया कि वह बाहर की रहने वाली है। एक साल से पढ़ाई को लेकर इंदौर में अपने रिश्तेदार के घर आकर रुकी थी। जब इंदौर आई तब रिश्तेदार इन्द्रजीत उसे बेटा कहकर बुलाते। लेकिन 15 दिनों से उनके व्यवहार में बदलाव आ गया। उनकी पत्नी घर से बाहर जाती तो कहते कि तुम मेरा बहुत ध्यान रखती हो। तुम बहुत अच्छी लगती हो। छात्रा ने पुलिस को बताया कि 4 दिन पहले की बात है। इन्द्रजीत ऑफिस से जल्दी घर आ गए। आते ही उन्होंने गले लगाया और गाल पर बुरी तरह से बेड टच किया। तब उन्हें धक्का दिया। चिल्लाया और इस तरह की हरकत करने से रोका। तो वह माफी मांगने लगे। तब उन्होंने कहा कि यह बात पत्नी को मत बताना। अगर यह बात उसे पता चली तो झगड़े होंगे। हमारे बेटे की जिंदगी खराब होगी। इन सब कारणों से उनकी पत्नी को कुछ नही बताया। इसके बाद फिर हरकत की। इन्द्रजीत की पत्नी को पूरी बात बताई। इस बात पर दोनों का झगड़ा हुआ। इन्द्रजीत घर से चले गए। उनकी पत्नी ने मामा को जानकारी दी। इसके बाद मां को कॉल किया। वह शनिवार शाम को घर पहुंची और उन्हें पूरी घटना बताने के बाद थाने आकर केस दर्ज कराया।

# घर में घुसकर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा में तेज आवाज में बात करने पर ऐसा झगड़ा हुआ की तलवारें चल गई। हमले में एक दंपति घायल हुए हैं। वही एक गाड़ी में तोड़फोड़ भी की गई है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार मामला नंदबाग रंजीत धाम कॉलोनी का है। फरियादी रीना पति मयंक सूर्यवंशी की शिकायत पर आरोपी महेश, गौरव और उसके भाई व गरिमा के होने वाले पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी गरिमा घर के सामने तेज आवाज में बातें कर रही थी। फरियादी ने इस पर आपत्ति लेते हुए उसे कहा कि धीरे बात किया कर, इसी को लेकर झगड़ा हो गया । आरोपी गरिमा ने अपने परिवार के लोगों को बुला लिया और विवाद शुरू कर दिया । विवाद के चलते आरोपियों ने मारपीट करते हुए तलवार और डंडों से हमला किया। इस हमले में फरियादी और उसके पति दोनों को चोटे आई है। वहीं उनकी बेटी भी घायल हुई है। आरोप है कि आरोपी पक्ष ने बाहर खड़ी उनकी मोटरसाइकिल में भी जमकर तोड़फोड़ की है।

## यहां स्कूल में घुसकर हमला

खुड़ैल इलाके में बच्चों के साथ मारपीट के बाद उसके परिजन ने स्कूल में घुसकर न केवल तोड़फोड़ की बल्कि शिक्षक के साथ मारपीट भी की है। मामले में आरोपी पक्ष के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। खुड़ैल थाने में फरियादी नीरज शर्मा निवासी शनि गली जूनी इंदौर की शिकायत पर आरोपी धारा सिंह, रंजनसिंह और उनके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि मारपीट और तोड़फोड़ की घटना कल्याण विद्या निकेतन स्कूल के ऑफिस ग्राम जमुनिया में हुआ है। आरोपी पक्ष के परिवार का बच्चा स्कूल में पढ़ता है, वहीं पर बच्चों का विवाद हुआ और उसके साथ मारपीट हुई थी । इसी बात पर आरोपी नाराज हुए और स्कूल प्रबंधन पर नाराजगी निकाली। उन्होंने स्कूल में घुसकर नीरज शर्मा से मारपीट करते हुए ऑफिस के कांच और टेबल भी तोड़ डालें।

# युवक को मारे चाकू हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एमआईजी इलाके में एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ है। आरोप नशे के कारोबार से जुड़े तस्करों पर लगा है। घायल लड़के के भाई का आरोप है कि उसके भाई को नशे की गर्त में पहुंचा दिया। विरोध किया तो जानलेवा हमला किया है।

एम वाय अस्पताल में कल रात गंभीर घायल हालत में अतीत पिता अशोक निवासी पाटनीपुरा को इलाज के लिए उसका भाई सुमित लेकर पहुंचा था । भाई का आरोप है कि अतीत को आरोपी विकास ठाकुर, छोटे ठाकुर, सनी पाल और छोटा पंडित ने चाकुओं से गोदा है । छोटे ठाकुर पर आरोप है कि वह नशा पेडलर है। उस पर नशा तस्करी के कई मामले दर्ज है । आरोपियों ने अतीत को नशे का आदी बना दिया और उससे तस्करी भी करवा रहे थे । इसी बात का कल सुमित ने विरोध किया था तो झगड़ा हो गया। तब आरोपियों ने अतीत को निशाना बनाते हुए उसे चाकू से गोद डाला। मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## पुराने विवाद में मारा

उधर, हातोद थाना क्षेत्र के बागरी मोहल्ला में मो. रईस पिता सलीम खान निवासी प्रकाशबाग कालोनी को लखन उर्फ पड़िया निवासी बागरी मोहल्ला ने पुराने झगड़े की बात को लेकर गालियां दीं, जिसका रईस ने विरोध किया तो लखन ने गालियां देते हुए मुक्कों से मारपीट की। रईस की शिकायत पर हातोद पुलिस ने लखन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

# कनाड़िया पुलिस ने किया एंटी ड्रोन सिस्टम का परीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ड्रोन और रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी पिसर्व टेक्नालॉजी ने कनाड़िया थाने में पुलिस के सहयोग से एंटी ड्रोन सिस्टम का सफल ट्रायल रन पूरा किया। यह ट्रायल जोन 2 के पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा, एडिशनल पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्रसिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।**

पिसर्व टेक्नालॉजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक मिश्रा के साथ दुर्गेश शुक्ला, रोशनी शुक्ला और अक्षत सिंह चौहान ने इस ट्रायल का संचालन किया। इसमें कनाड़िया थाने के सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन मंडलोई और थाना प्रभारी की टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अत्याधुनिक एंटी ड्रोन सिस्टम ने अपने ट्रायल के दौरान उच्च दक्षता का प्रदर्शन किया। यह सिस्टम ड्रोन, पक्षियों और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं के अंतर को सटीकता से पहचानने में सक्षम है। खास बात यह है कि जब कोई संदिग्ध या दुश्मन ड्रोन के एक किलोमीटर की सीमा में प्रवेश करेगा तो यह प्रणाली तुरंत अलार्म बजाकर सुरक्षा बलों को सतर्क करेगी। अलार्म बजने के बाद सुरक्षा बल कार्रवाई करते हुए ड्रोन को निष्क्रिय कर सकते हैं।

## शादी का झांसा देकर रेप

**इंदौर।** शिप्रा इलाके में एक महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने शादी का झांसा देखकर आबरू लूटी। बाद में धमकाने लग गया। शिप्रा पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम रवि पिता मनोहरलाल चौधरी निवासी ग्राम सुल्लाखेड़ी है। इंदौर में रहने वाली महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता को आरोपी रवि एक साल से झांसा दे रहा था। इस दौरान कई बार उसका दैहिक शोषण किया। उसने शादी को कहा तो मारपीट कर जातिसूचक शब्द कहकर धमकी दी है।

# मध्यप्रदेश में बंदियों की दामाद सी खातिरदारी

## अब जेलों में मिलेगा दूध, दही और सलाद भी

**भोपाल, (एजेंसी)। मध्य प्रदेश की जेलों में बंदियों को अब दूध, दही, छाछ और सलाद भी मिल सकेगा। एक जनवरी 2025 से प्रभावी होने जा रहे हृमध्य प्रदेश सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह अधिनियमहृ में इसका प्रविधान किया जा रहा है।**

### बंदियों को मिलेगा बेहतर भोजन

वित्त विभाग इस प्रस्ताव का परीक्षण कर रहा है। शासन से अनुमति मिलने के बाद अधिनियम प्रभावी होने के साथ ही खान-पान की व्यवस्थाएं और बेहतर हो जाएंगी। जेल में बंदी टीबी के मरीजों को पहले की तरह अंडा भी दिया जाएगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय त्योहार और सप्ताहांत में मिष्ठान्न देने की व्यवस्था भी जारी रहेगी।

### पुराने कानून में व्यापक बदलाव

अंग्रेजों के जमाने में बंदियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था, यह किसी से छिपा नहीं है। उन्हीं के जमाने का (वर्ष 1894) कानून भी अभी तक चलन में है। अब केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जेलों में सुधारात्मक सेवाएं बढ़ाने के प्रयास में हैं। इसी कड़ी में पुराने कानून को बदला जा रहा है। प्रदेश में नए अधिनियम में लगभग एक हजार तरह के नियम शामिल किए गए हैं।



### प्रदेश में 45 हजार बंदी

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की जेलों में लगभग 45 हजार बंदी हैं। खतरनाक बंदियों को अलग अंडा सेल में रखा जा रहा है, लेकिन अब इसे नियम में भी उल्लेखित किया जाएगा। इसके साथ ही पुराने कई प्रविधान हटा दिए गए हैं, जो अब अप्रासंगिक हो गए हैं। जेल में खाना बनाने के लिए बंदियों को उनकी रुचि के अनुसार लगाया जाएगा। इस पर कोई बंदी आपत्ति नहीं कर सकेगा। अधिकारियों का कहना है के मप्र संभवतः पहला राज्य बन सकता है, जहां जेलों में बंदियों को दूध, दही और छाछ दिया जाएगा।

### इनका कहना है

**बंदियों के खानपान की व्यवस्था बेहतर करने के लिए नियमों में कई प्रविधान किए जा रहे हैं। वित्त विभाग इसका अध्ययन कर रहा है कि खर्च कितना आएगा। सहमति मिलने पर व्यवस्था लागू होगी।**

**- जीपी सिंह, जेल महानिदेशक, मप्र**

## मप्र में एक और हाथी की मौत, मां से बिछड़ने के बाद से बीमार था छोटा हाथी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया, (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ में एक और हाथी की मौत हो गई। कुछ दिनों पहले पथपना में एक छोटा हाथी मां से बिछड़ गया था, इसके बाद वह बीमार हो गया था। वन विभाग ने हाथी को उसके झुंड से अलग करके उसका रेस्क्यू किया और उसका उपचार शुरू किया था।

रेस्क्यू करने के बाद छोटे जंगली हाथी को बांधवगढ़ के ताला स्थित रामा कैंप पहुंचा दिया गया था। जहां उसे डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया। बीमार हाथी के बारे में यह जानकारी सामने आई थी कि वह अपनी मां से बिछड़ गया है और भूख के कारण बीमार हो गया। बीमार हाथी की आयु तीन से चार महीने की बताई गई है। उमरिया जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों के ऊपर आपदा का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की सुबह पार्क प्रबंधन को पनपथा बफर इलाके के छतवा जमुनिहा के जंगल में जंगली हाथी शावक बीमार अवस्था में मिला था। बेहाल अवस्था में मिले जंगली हाथी को पार्क प्रबंधन ने रेस्क्यू कर अपने कब्जे में लिया और उसका उपचार किया था।

### तेरह हाथियों का झुंड

बताया गया था कि जिस झुंड का छोटा हाथी बीमार हुआ था, वह भी तेरह हाथियों का ही था। तेरह हाथियों में से बाकी के 12 हाथी स्वस्थ्य बताए जा रहे हैं। हालांकि उन पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि छोटा जंगली हाथी किसी वस्तु को खाने से बीमार हुआ है या फिर किसी और कारण से वह अस्वस्थ्य हुआ था। यह जानकारी जरूर सामने आ रही है कि बीमार हुए छोटे हाथी के शरीर में कंपन हो रहा था। उसने कई जगह लीद भी भी की थी। बीमार हुए जंगली हाथी की जानकारी मिलने के बाद जब वन प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सबसे ज्यादा समय छोटे हाथी का रेस्क्यू करने में लगा था। दरअसल बीमार हाथी को उसके झुंड से अलग करना मुश्किल काम था।

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी

## आपका बेटा सामूहिक दुष्कर्म में फंस गया है, छुड़ाना है तो 40 हजार तुरंत ट्रांसफर करो

◆ डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने 40 हजार रुपये की ऐंठे

◆ ठगों ने बेटे को फंसने का डर दिखाकर राशि मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, (एजेंसी)।** बुरहानपुर। कसंल्टिंग इंजीनियर्स एसोसिशन के अध्यक्ष प्रमोद गढ़वाल के साथ डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से 40 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने उन्हें शनिवार दोपहर 12 बजे के आसपास वाट्सएप कॉल करके कहा कि हैदराबाद में पढ़ रहा उनका बेटा



भव्य गढ़वाल सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फंस गया है, वह थाने से बोल रहा है, यदि अपने बेटे को इस केस से छुड़ाना चाहते हो तो तुरंत 40 हजार रुपये ट्रांसफर करो, अन्यथा भव्य आठ से दस साल के लिए जेल चला जाएगा।

### दोबारा कॉल कर मांगे 2 लाख

हड़बड़ाहट में गढ़वाल ने राशि ट्रांसफर कर दी। इसके पंद्रह मिनट बाद जब दोबारा दूसरे नंबर से ऑडियो कॉल आया और ठगों ने दो लाख रुपये और ट्रांसफर करने के लिए कहा तो गढ़वाल को शक हुआ। उन्होंने पहले अपने बेटे को फोन लगा कर पुष्टि की और तुरंत लालबाग थाने पहुंच कर ठगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार लगातार डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बावजूद इसके ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

### इस तरह बनाया मानसिक दबाव

वाट्सएप काल में ठगों ने पुलिस की वर्दी वाला फोटो लगा रखा था। उन्होंने सामूहिक दुष्कर्म में भव्य सहित तीन युवकों के गिरफ्तार होने की बात कही। साथ ही फोन कॉल के दौरान ही भव्य को आवाज देकर बुलाने का नाटक किया और किसी के रोने की आवाज प्रमोद गढ़वाल को सुनाई। जिससे वे मानसिक रूप से दबाव में आ गए। ठगों ने यह भी कहा कि मीडिया वाले आ चुके हैं, उन्हें भी मैनेज करना पड़ेगा, इसलिए राशि बढ़ गई है। इंजीनियर प्रमोद गढ़वाल ने शहर के नागरिकों से अपील की है, कि उनकी तरह वे डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से होने वाली ठगी का शिकार न हों। अनजान नंबरों से आने वाले काल, वीडियो कॉल न उठाएं। विशेष रूप से प्लस 92 से शुरू होने वाले नंबर न उठाएं।

## अभिनेत्री जयाप्रदा ने बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)। फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने रविवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर बाबा महाकाल के दर्शन किए। जयाप्रदा ने गर्भगृह के द्वार से बाबा का पूजन कर आशीर्वाद लिया और नंदी हॉल में भगवान महाकाल की आराधना की और नंदीजी के कान में अपनी मनोकामना भी कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल में गहरी आस्था है,इसलिए अक्सर वह भगवान के दर्शन के लिए यहां आती रहती है। यहां आकर लगता है कि साक्षात भगवान का स्पर्श मुझे हो रहा है। उल्लेखनीय है कि जयाप्रदा इसके पहले गुरू पूर्णिमा भी भगवान महाकाल के दर्शन किए आई थी।**



### बाबा महाकाल आज मनमहेश स्वरूप में देंगे भक्तों को दर्शन

कार्तिक-अगहन मास में बाबा महाकाल की दूसरी सवारी सोमवार को राजसी ठाट-बाट के साथ निकलेगी। पालकी में सवार होकर बाबा महाकाल मनमहेश स्वरूप में प्रजा का हाल जानने निकलेंगे। प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ ने बताया कि बाबा महाकाल सोमवार को शाम 4 बजे नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इससे पहले सभामंडप में भगवान का पूजन होगा। इसके बाद सवारी श्री महाकाल मंदिर से प्रारंभ होगी।

भगवान महाकाल की सवारी के साथ पुलिस बैंड,घुड़सवार दल,सशस्त्र पुलिस बल के जवान रहेंगे। नगर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल की पालकी पर पुष्पवर्षा कर राजाधिराज का स्वागत करते हैं। कार्तिक मास की दूसरी सवारी गुदरी,बक्षी बाजार कहारवाडी होते हुए रामघाट शिप्रा तट पहुंचेगी। यहां पूजन-अर्चन के बाद भगवान महाकाल की सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा,मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चोक,खाती का मंदिर,सत्यनारायण मंदिर,ढाबा रोड़,गोपाल मंदिर,पटनी बाजार, गुदरी,महाकाल घाटी होते हुए पुनः महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

## फुटबॉल खेलकर लौटे युवक के सीने में उठा दर्द, 22 की उम्र में हार्ट अटैक से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, (एजेंसी)।** सुबह-सुबह स्टेडियम से फुटबाल खेलकर घर लौटे 22 साल के युवक को अटैक आ गया, जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक को रविवार को सुबह दस बजे परासिया अस्पताल में युवक को मृत घोषित कर दिया गया। जैनुल आबेदिन चांदामेटा के वार्ड 4 का रहने वाला था। चांदामेटा में एटीएम के समीप उसकी नूडल्स आदि बेचने की थोक की दुकान है। शनिवार की रात वह किसी दोस्त की शादी में गया था।

**स्टेडियम से लौटते ही आया अटैक-** रविवार सुबह फुटबाल खेलने के लिए चांदामेटा के पंकज स्टेडियम गया था, स्टेडियम से खेलकर वह घर लौटा तो उसने अपनी अम्मी से बताया कि सीने में दर्द हो रहा है। जैनुल को अस्पताल ले जाते इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। परिजन इसके बाद उसे परासिया अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसकी मृत्यु की पुष्टि की। कम उम्र में अटैक आने के मामले लगातार सामने आ रहे है। इससे पहले पेंचवेली मैदान पर फिजिकल के लिए प्रेक्टिस कर रहे बाईस साल के युवक को अटैक आया था। मैदान पर ही उसकी मौत हो गई थी।

## संपादकीय

# मणिपुर हिंसा सरकार की लापरवाही, गृहयुद्ध जैसे हालात

मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही। अभी जिरीबाम जिले के एक आदिवासी बहुल गांव में घुस कर सशस्त्र उग्रवादियों ने छह घरों में आग लगा दी। उसमें एक महिला मारी गई। मृतक महिला के पति ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि कमरे में बंद कर महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया, फिर उसे आग के हवाले कर दिया गया। हालांकि मणिपुर पुलिस इस मामले पर पर्दा डालने का प्रयास करती देखी गई। मणिपुर हिंसा को भड़के डेढ़ वर्ष से अधिक समय हो गया। सरकार इस पर काबू पाने का आश्वासन भर देती रही है। हकीकत यह है कि वहां गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। मैतेई और कुकी समुदाय के लोग घात लगा कर एक-दूसरे पर हमला करते रहते हैं। अब तो इस हिंसा में राकेट और ड्रोन जैसे अत्याधुनिक हथियारों का भी सहारा लिया जाता देखा जाने लगा है। कई घटनाओं से जाहिर हो चुका है कि उग्रवादी पहले किसी इलाके को चिह्नित करते हैं, फिर वहां सिलसिलेवार ढंग से हमले करते हैं। इस समय जिरीबाम जिले में हमले अधिक देखे जा रहे हैं। हालांकि हिंसा भड़कने के बाद शुरू में केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया था, मगर वह केवल दिखावटी साबित हुआ। उसके बाद भी कई बार उग्रवादियों ने पुलिस के शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद लूट लिए। बार-बार दावे किए जाते रहे कि इस हिंसा पर काबू पा लिया जाएगा, मगर इसके लिए कोई व्यावहारिक कदम उठाया जाता नजर नहीं आया। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए निगरानी और जांच समितियां गठित कर दी थीं। उसमें बाहरी राज्यों के पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया। मणिपुर पुलिस को बाध्य किया गया कि वह हर जांच में सहयोग करेगी। तब उम्मीद बनी थी कि मणिपुर हिंसा की हकीकत जल्दी ही सामने आएगी और हिंसा रोकने में मदद मिलेगी। मगर उसका भी कोई उल्लेखनीय नतीजा नहीं निकला। मणिपुर कोई इतना बड़ा और जटिल राज्य नहीं है कि वहां की स्थितियों से निपटना मुश्किल हो। विवाद भी एक भ्रम की वजह से पैदा हुआ था, जिसमें वहां के उच्च न्यायालय ने मैतेई समुदाय को जनजाति श्रेणी में रखने का सुझाव दिया था। अगर सरकार सचमुच संजीदा होती, तो वह अब तक दोनों समुदाय के लोगों को आमने-सामने बिठा कर मसले का हल निकाल चुकी होती। मगर उसके रवैये से तो यही लगता है कि वह इसे सुलझाना ही नहीं चाहती! मणिपुर सरकार और केंद्र की ढिलाई का ही नतीजा है कि वहां उग्रवादी संगठन लगातार ताकतवर होते गए हैं और हिंसा-प्रतिहिंसा की घटनाओं पर काबू पाना कठिन जान पड़ता है। केंद्र में विपक्षी दल लगातार मांग करते रहे कि अगर मणिपुर की स्थिति से निपटने में वहां के मुख्यमंत्री नाकाम साबित हो रहे हैं, तो उन्हें बदल देने में गुरेज क्यों होनी चाहिए।

## OSHO कहिन

> सारी शिक्षा व्यर्थ है, सारे उपदेश व्यर्थ हैं अगर वे तुम्हें अपने भीतर डूबने की कला नहीं सीखाते।



## सैर सपाटा

# ये हैं सेलेब्स की फेवरेट बीच प्लेसिस

## एक बार आप भी कर आएं सैर

सेलेब्स क्या खाते हैं कैसे रहते हैं और कहां घूमने जाना पसंद करते हैं इस पर अक्सर फैंस की नजर रहती है। बात जब घूमने फिरने की हो तो लोग उन जगहों पर जाना चाहते हैं जहां पर सेलेब्स भी जाना पसंद करते हैं। अगर आप किसी बीच पर जाना चाहते हैं तो सेलेब्स की फेवरिट बीच डेस्टिनेशन पर जा सकते हैं। यहां देखिए 5 बीच डेस्टिनेशन, जहां अक्सर सेलेब्स वेकेशन के लिए जाते हैं।



### 1) गोवा

गोवा भारत की एक ऐसी जगह है जहां आपको जरूर जाना चाहिए। सेलेब्स भी यहां पर घूमने के लिए पहुंचते हैं। गोवा धीरे-धीरे वेड़िंग के लिए भी लोगों की पहली पसंद बन रहा है। यहां के खूबसूरत समुद्री किनारे और नाइट लाइफ दुनिया भर में फेमस है। पालोलेम बीच, बागा बीच, अंजुना बीच और कलंगुट बीच गोवा के सबसे फेमस बीचेस में से एक हैं। काम से छुट्टी मिलने पर सेलेब्स यहां जाना पसंद करते हैं।



### 2) मालदीव

करीना कपूर से लेकर जाह्नवी कपूर तक,बॉलीवुड के कई सितारे वेकेशन के लिए मालदीव जाना पसंद करते हैं। हनीमून और हॉलिडे दोनों के लिए ये जगह काफी अच्छी है। यहां पर घूमने फिरने के लिए काफी जगह हैं। मालदीव ओवरवॉटर विला और साफ पानी के लिए सबसे फेमस है।



### 3) बाली

बाली भी सेलेब्स के बीच बहुत फेमस है। वहीं लोग भी यहां पर हनीमून के लिए जाना पसंद करते हैं। यहां की नाइटलाइफ, संस्कृति, लोग और ठहरने की जगह भारतीय पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती हैं। यही वजह है कि बाली सबसे ज्यादा डिमांड वाला इंटरनेशनल डेस्टिनेशन बन चुका है।



### 4) थाईलैंड

ये हर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज की पसंदीदा डेस्टिनेशन में से एक है। कैटरीना कैफ, दीपिका, मीरा कपूर, हिना खान, परणीती चोपड़ा जैसी कई सेलिब्रिटीज को थाईलैंड में घूमते हुए देखा जा चुका है। अगर आपकी जल्द शादी होने वाली है तो आप इस जगह पर जा सकते हैं।

New Delhi

# गलती से भी Google पर सर्च मत करना यह लाइन, सबकुछ हो जाएगा हैक, चेतावनी जारी

नई दिल्ली, (एजेंसी) साइबर अपराधी आम इंटरनेट यूजर्स को ठगने को नए तरीके अपना रहे हैं। अब खबर है कि हैकर्स ऐसे लोगों को निशाना बना रहे हैं, जो इंटरनेट पर खास शब्दों को सर्च कर रहे हैं। इसके बाद लिंक पर क्लिक करते ही उनकी निजी जानकारी ऑनलाइन शेयर हो जाती है। इतना ही नहीं कहा जा रहा है कि इस प्रोग्राम की मदद से यूजर से कम्प्यूटर का कंट्रोल भी छीन लिया जाता है।

### क्या है मामला

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साइबर सिक्युरिटी




कंपनी SOPHOS की तरफ से एक चेतावनी जारी की गई है। कंपनी का कहना है कि जो लोग गूगल पर Are Bengal Cats legal in Australia? सर्च कर रहे हैं, उनका कथित तौर पर निजी डेटा ऑनलाइन पोस्ट हो रहा है। ऐसा सर्च करने के बाद मिलने वाली पहली लिंक पर क्लिक करने से हो रहा है। कंपनी का कहना है कि 6 शब्दों को सर्च करने वाले यूजर्स के साइबर हमले का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है। SOPHOS ने कहा, 'वैध मार्केटिंग के रूप में पेश की जा रही लिंक्स या मेलीशियस एडवेयर पर क्लिक करने के लिए यूजर को लुभाया जाता है। इस मामले में वैध गूगल सर्च के जरिए ऐसा किया जा रहा है।' जारी चेतावनी के अनुसार, ऐसा लग रहा है कि हैकर्स उन लोगों को निशाना बना रहे हैं जो खासतौर से Australia को सर्च में शामिल कर रहे हैं।

Himachal

# हिमाचल के शिमला में बड़ा हादसा, धूं-धूं कर जलने लगे गांव के कई घर



शिमला, (एजेंसी) हिमाचल प्रदेश में सर्दियों के मौसम में अग्निकांड की घटनाएं कोहराम मचाने लगी हैं। शिमला जिला के रोहड़ उपमण्डल के स्मरकोट इलाके के सेरी गांव में भीषण अग्निकांड हुआ है। सोमवार तड़के करीब चार बजे गांव के एक घर में आग लग गई। आसमान चूमती लपटों ने देखते ही देखते साथ लगते घरों को जलाकर राख कर दिया। घरों की रसोई में रखे सिलेंडरों के ब्लास्ट होने से आग और भड़क गई।

आग से कपड़े, बिस्तर, बर्तन, खाद्यान्न समेत गृहस्थी का सारा सामान भी राख हो गया। लकड़ी के बने घरों से उठती आसमान चूमती लपटें देख पूरे गांव में हाहाकार मच गया। घरों में मौजूद लोगों ने भागकर जान बचाई। आग की जद में आये घरों के बगल के एक घर में शादी का आयोजन चल रहा था। आग ने पशुशालाओं को भी अपने आगोश में ले लिया। इस घटना में एक गाय की जिंदा जलने से मौत हो गई। घंटों जूझने के बाद दमकल कर्मी आग पर काबू पा सके। दमकल की चार गाड़ियों को आग बुझाने में करीब साढ़े तीन घंटे लग गए। रोहड़ू से दो और चिड़गांव व जुब्बल से एक-एक दमकल वाहन ने आग पर काबू पाकर पूरे गांव को खाक होने से बचाया। आग में सब कुछ गंवा देने से कई परिवार अब खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट मानी जा रही है। प्रभावितों में कैलाश पुत्र शिव सरण, मोहन लाल पुत्र सोहन लाल और दो अन्य शामिल हैं।

New Delhi

# जस्टिस संजीव खन्ना बने भारत के 51वें चीफ जस्टिस, राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

नई दिल्ली, (एजेंसी) जस्टिस संजीव खन्ना ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली. राष्ट्रपति भवन में आयोजित सादे और गरिमापूर्ण समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने उनको पद की शपथ दिलाई. इससे पहले जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ रिटायर हुए थे. जस्टिस खन्ना के नाम की सिफारिश जस्टिस चंद्रचूड़ ने की थी. चंद्रचूड़ 10 नवंबर को 65 साल की उम्र में इस पद से रिटायर हुए. 14 मई 1960 को जन्मे जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से कानून की पढ़ाई की. दिल्ली हाई कोर्ट के जज नियुक्त होने से पहले वे तीसरी पीढ़ी के वकील थे. उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया. जनवरी 2019 से सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में कार्यरत न्यायमूर्ति खन्ना कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं, जैसे EVM की पवित्रता को बनाए रखना, चुनावी बॉन्ड योजना को खत्म करना, अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना.

Maharashtra

# मुंबई के विक्रोली में वैन से साढ़े छह टन की चांदी की ईंटें जब्त, करोड़ों में है कीमत

मुंबई, (एजेंसी) महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच मुंबई के विक्रोली में एक वैन से साढ़े छह टन की चांदी की ईंटे सीज की गई हैं. मार्केट में इसकी कीमत करोड़ों रुपये में बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि विक्रोली पुलिस और चुनाव आयोग की जांच टीम की ओर से जब्त की गई चांदी की ईंटें कैश वैन से बरामद हुईं हैं.

पूछताछ में ये भी पता चला है कि करोड़ों रुपये की कीमत वाली चांदी की ये ईंटें ब्रिंक्स कंपनी की गाड़ी से मुलुंड के एक गोदाम में रखी गई थीं. हालांकि चांदी की ये ईंटें किसकी हैं, इस बारे में फिलहाल पता नहीं चल पाया है. पुलिस इसका पता लगाने में जुटी हुई है. राज्य में विधानसभा चुनाव हैं, इसको लेकर पुलिस और



चुनाव आयोग की टीम चेकिंग अभियान चला रहा हैं. राज्य के अलग-अलग हिस्सों में कार्रवाई के दौरान लाखों रुपये कैश बरामद किया जा चुका है. हाल ही में पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में कैश बरामद किया था.

## खेल

# भारत का टी20 में चार महीने से चला आ रहा विजयी अभियान रुका, स्टब्स ने वरुण की मेहनत पर फेरा पानी

गकेबरहा, (एजेंसी) दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 मैच में भारत को तीन विकेट से हराकर पिछली हार का बदला ले लिया। इससे पहले भारत ने मेजबानों को पहले टी20 मुकाबले में 61 रन से हराया था। रविवार को द. अफ्रीका ने जीत के साथ सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली। बता दें कि, गकेबरहा में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 124 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने ट्रिस्टन स्टब्स की 47* रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत 19 ओवर में सात विकेट पर 128 रन बनाए और मैच अपने नाम कर लिया। भारत की नजर अब तीसरे टी20 मुकाबले पर होगी, जो 13 नवंबर को सेंचुरियन में खेला जाएगा।

इस शिकस्त के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की जीत का रथ थम गया। टी20 विश्व कप 2024 के बाद टीम




इंडिया ने जिम्बाब्वे का दौरा किया था। इस दौरान दोनों के बीच खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में शुभमन गिल की टीम ने 4-1 से जीत हासिल की थी। इसके बाद टीम ने श्रीलंका दौरे पर 3-0 से जीत दर्ज की जबकि सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने बांग्लादेश को भी घरेलू सीरीज में 3-0 से मात दी। इस तरह टीम इंडिया का जुलाई से चला आ रहा जीत का सिलसिला रुक गया। इस दौरान भारत ने कुल 11 मुकाबले अपने नाम किए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे टी20 मैच में वरुण चक्रवर्ती ने प्रभावित किया। उन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से मेजबानों की आधी टीम को पवेलियन भेजा। स्टार स्पिनर ने अपने चार ओवर के कोटे में 4.25 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की और पांच विकेट हासिल किए। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला पांच विकेट हॉल है। इस दौरान उन्होंने सिर्फ 17 रन खर्च किए। हालांकि, स्टब्स ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया और 15वें ओवर से मैच दक्षिण अफ्रीका की तरफ मोड़ दिया। ट्रिस्टन स्टब्स ने शानदार पारी खेल दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 मुकाबले में भारत के खिलाफ जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 86 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे। एक समय ऐसा लग रहा था कि भारत वरुण की अगुआई में गेंदबाजों के दम पर इस मैच को अपने नाम करने में सफल रहेगा, लेकिन स्टब्स ने अंत में आक्रामक अंदाज में खेलना शुरू किया और टीम को जीत दिलाई। उन्होंने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को निशाने पर लिया और टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा। स्टब्स ने 47 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। इसमें उनका साथ गेराल्ड कोएत्जे ने दिया। उन्होंने 19* रन बनाए। इस मैच में रयान रिकल्टन ने 13, रीजा हेंड्रिक्स ने 24, एडेन मार्करम ने तीन, मार्को यानसेन ने सात, क्लासेन ने दो, मिलर ने शून्य और सिमीलाने ने सात रन बनाए। भारत के लिए वरुण ने पांच, रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह ने एक-एक विकेट लिया।

## सिनेमा

# शिलांग के स्टीव जिरवा ने जीती 'इंडियाज बेस्ट डांसर' की ट्रॉफी, इनाम में मिले लाखों, चमचमाती कार



'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4' का विनर अनाउंस हो गया है. इस बार जीत की ट्रॉफी को शिलांग के स्टीव जिरवा ने अपने नाम किया है. स्टीव ने जीत का परचम लहराते हुए ना सिर्फ ट्रॉफी बल्कि एक चमचमाती कार और 15 लाख रुपये की प्राइज मनी भी अपने नाम की है. उनकी कोरियोग्राफर रक्तिम ठाकुर को भी 5 लाख रुपये इनामी राशि मिली है. स्टीव के साथ फाइनल में हर्ष केसरी, नेक्शन, नेपो, आकांक्षा मिश्रा उर्फ अकीना, और आदित्य मालविय कम्पीट कर रहे थे. लेकिन स्टीव ने सभी दिल जीतते हुए खुद को इस जीत का हकदार साबित किया. इंडिया बेस्ट डांसर से इस बार करिश्मा कपूर ने भी बतौर जज टीवी पर डेब्यू किया था. उनके साथ गीता कपूर, टेरेंस लुइस भी जज पैनल का हिस्सा रहे. इस डांस रिएलिटी शो को जय भानुशाली और अनिकेत चौहान ने होस्ट किया था. करिश्मा ने स्टीव की जीत पर खुशी जताते हुए कहा- जब से उन्होंने पहली बार परफॉर्म किया, उन्होंने अपने वंडरफुल टैलेंट, रॉ एनर्जी और अपने सबसे तेज फुटवर्क से हमारा ध्यान खींच लिया था. स्टीव ने अपने लाइव वायर परफॉर्मेंस के साथ इस मंच पर एक नया पैरामीटर सेट किया है. ये एक मुश्किल डिसीजन था... लेकिन उनकी जीत सही में डिजर्विंग है, और हम सभी को उनकी अचीवमेंट पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है.

## Highlights

1. People know we're 'Dena Bank', rest are 'Lena Bank': Sena's Shaina
2. Congress suspends 16 rebel candidates for 6 yrs ahead of polls
3. Congress suspends 7 rebel candidates ahead of Maharashtra polls
4. BJP's manifesto promise will not be fulfilled: NCP (SP) candidate
5. 2 US nationals held in Bihar for illegally trying to enter Nepal
6. Killed Baba Siddique on Anmol Bishnoi's order: Arrested shooter

# Onion prices soar to ₹80 in Delhi, Mumbai; rates touch 5-year high in November

**NEW DElHI, (Agency).** The onion prices across several major cities have soared significantly over the past few days, leaving customers in distress. The price of onions has risen from ₹40-60 kg to ₹70-80 per kg at the wholesale markets, reported ANI. In some cities, the prices of onion have doubled, rising by nearly ₹40 in a span of a few days.

The spike in onion prices is having a significant impact on households and impacting consumer habits, leading to volatility in the wholesale markets. In metro cities like Delhi and Mumbai, the prices of onions per kg have reached their 5-year high in November.

While the rising onion prices have left customers teary eyes, the sellers are struggling to keep up with the rising rates as sales reduce.

Speaking to ANI, a seller at a market in Delhi said, "The price of onions has risen from ₹60 to ₹70 per kilo. We source it from the mandi so the



prices we receive from there affect the prices on which we sell it."

The seller further said, "There has been a reduction in sales because of the price hike but people are still purchasing it since it is an important part of food eating habits here."

A buyer, Faiza shared her distress over the price hike of onions and said, "The price of onions has shot up even though it should have come down according to the season. I purchased onions at 70 ₹per kilo. It has affected food-eating habits in the household. I appeal the government to atleast reduce the prices of vegetables that are eaten every day."

As of November 8, the price of onion per kg is ₹80 in majority of areas across Delhi. The price of onions has been on the rise in many states of the country including across the markets in Mumbai.

A buyer in Mumbai, Dr Khan, told ANI on Saturday, "The price of onions and garlic has gone up manifold. It has doubled. This has also affected the budget of the household. I purchased 5 kilos of onion for 360 Rs."

# Maharaja Club: The new loyal program for fliers after Vistara-Air India merger

**NEW DElHI, (Agency).** Vistara - jointly owned by Tata Group and Singapore Airlines - is set to be merged with Air India on Monday as part of the salt-to-steel conglomerate's consolidation of its aviation business.

After the merger, Club Vistara and Air India will formally combine their Flying Returns loyalty programs, marking a major milestone for the Indian aviation industry. The merged program will be



called Maharaja Club, ushering in a new era for frequent travelers nationwide.

All Club Vistara (CV) Points, Tier Points, and any applicable vouchers will be moved to the members' associated Flying Returns accounts as part of the integration. Furthermore, Club Vistara members' Tier Status will be effortlessly transferred, guaranteeing that devoted clients will still be able to take use of the advantages they have accrued.

Regardless of their initial expiration date, all CV Points—including those with extended validity—will continue to be valid for at least a year after the migration date. As members are incorporated into the enlarged Air India network, this expansion guarantees that they can keep using their points without concern.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक